हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

11 कनिका बनीं गर्ल्स कॉलेज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



12 नारियल फोड़ने के 15 दिन बाद भी सड़कों का निर्माण नहीं



खबर संक्षेप



दूहन चौक से अग्रसेन चौक तक सड़क निर्माण पूरा करने के दिए निर्देश

झज्जर। शुक्रवार सायं डीसी वर्षा खांगवाल ने शहर के कुलदीप चौक के साथ लगती सड़कों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को दूहन चौक से अग्रसेन चौक तक सड़क निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया जाए और कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। इस दौरान नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी भी मौजूद रहे।

चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में ट्रायल कल

बहादुरगढ़। पहली शॉर्ट कोर्स सीनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप-2026 में भाग लेने वाले हरियाणा के तैराकों के चयन के लिए एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी की स्विमिंग पूल पर ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 25 से 28 अक्टूबर तक अहमदाबाद (गुजरात) में पहली बार शॉर्ट कॉर्स राष्ट्रीय एक्वेटिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए हरियाणा की टीम का ट्रायल रविवार 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा। एक तैराक अधिकतम 5 व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग ले सकता है।

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की बैठक आज

झज्जर। हरियाणा पुलिस रिटायर्ड ऑफिसर्स कॉर्डिनेशन सोसायटी की जिला इकाई की बैठक शनिवार को सुबह दस बजे पुलिस लाइन में आयोजित की जाएगी। संगठन के सचिव जितेंद्र सिंह राठी ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों की चिकित्सा सुविधाओं, भत्तों और अन्य लाभों से जुड़ी मांगों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन प्रधान रमेश दलाल उपस्थित रहेंगे।

विशेष शिविर में 3356 लंबित केस की सुनवाई

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि जिलाभर में चल रहे एसआईआर अभियान के तहत मतदाताओं को मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर निर्वाचन आयोग और प्रशासन का विशेष फोकस है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक चले विशेष शिविर व घर-घर सर्वे में 3356 लम्बित मामलों की सुनवाई की गई है।

दिल्ली में सीजेपी के प्रदर्शन को लेकर बहादुरगढ़ में भी बॉर्डर पर की नाकेबंदी

- नाकेबंदी कर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही
- आज दिल्ली प्रदर्शन में जाने वाले नेताओं पर भी पुलिस रख रही है नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली में शनिवार को कॉकरोच जनता पार्टी के घोषित प्रदर्शन को लेकर बहादुरगढ़ में भी पुलिस अलर्ट दिखाई दे रही है। प्रदर्शन की अनुमति न होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। इसके चलते हरियाणा पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां की हुई हैं। यहां बहादुरगढ़ में पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। दिल्ली जाने वाले प्रमुख रास्तों पर नाकेबंदी की गई है। पुलिस वाहनों की तलाशी लेने के साथ लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं, लघु सचिवालय में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पहले के मुकाबले पुलिस बल बढ़ा दिया गया है। टिकरी बॉर्डर, झाड़ौदा बॉर्डर, यूईआर, रोहद टोल और कानोंदा से दिल्ली जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने नाके लगाए हैं। अन्य वैकल्पिक मार्गों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। नाकों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों ने नाकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नाकों पर दिल्ली जाने वाले चालकों पर कड़ी निगरानी है। उनकी जानकारी ली जा रही है। प्रदर्शन को लेकर पुलिस का खुफिया तंत्र भी सक्रिय है। टीमें जानकारी जुटा रही हैं कि शनिवार को किन राजनीतिक दलों और संगठनों से जुड़े लोग दिल्ली जा सकते हैं।

57 मेट्रो स्टेशन बंद रहने से बढ़ेगी परेशानी

दिल्ली में मेट्रो के 57 स्टेशनों को बंद रखने की घोषणा हैं। हालांकि बहादुरगढ़ में स्थित मेट्रो स्टेशनों को बंद रखने के तो कोई आदेश नहीं हैं लेकिन सुरक्षा यहां भी कड़ी कर दी गई है। रेलवे स्टेशन पर भी पुलिस की नजर है। बहादुरगढ़ से रोजाना हजारों लोग कामकाज के सिलसिले में दिल्ली आते-जाते हैं। ऐसे में बॉर्डरों पर पुलिस जांच और नाकेबंदी के कारण यातायात प्रभावित होने की आशंका है। वाहन चालकों को जांच के चलते देरी का सामना करना पड़ सकता है।



बहादुरगढ़। सुरक्षा के मद्देनजर लघु सचिवालय के गेट पर तैनात पुलिसकर्मी।

पुलिस को मिली बड़ी सफलता : 3 पिस्टल व 41 कारतूस बरामद

हत्या की फिराक में आए 3 बदमाश काबू, एक फ्लाईओवर से नीचे कूदा

- घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में करवाया भर्ती, बाकी दो किए गिरफ्तार
- गांव कुलासी के हैं आरोपी, तीनों का ही नाम है अंकित, कई केस हैं दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एसटीसफ बहादुरगढ़ के हाथ एक और बड़ी कामयाबी लगी है। इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने एक संगठित गिरोह के 3 बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाश नाहरा-नाहरी रोड फ्लाईओवर के पास मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस को देखकर जब इन्होंने भागने की कोशिश की, तो खुद को घिरता देख एक आरोपी फ्लाईओवर से नीचे कूद गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बदमाश को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है।

गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के नाम अंकित हैं और तीनों एक ही गांव कुलासी के रहने वाले हैं। इनके पास से 3 अवैध हथियार और 41 कारतूस बरामद किए हैं, जिनमें 1 चीनी सहित 2 विदेशी पिस्तौल भी शामिल हैं। एसटीएफ के डीएसपी नरेश कुमार ने बताया कि अंकित उर्फ पुनीत पर पहले से 3 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अंकित उर्फ डेका के खिलाफ 9 मामले दर्ज हैं। वहीं अंकित उर्फ सूंडा पर भी 3 आपराधिक केस चल रहे हैं। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। रिमांड के दौरान अपराध से जुड़े दूसरे अपराधियों और उनके नेटवर्क की बड़ी जानकारी भी मिल सकती है।



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में बदमाश।

नए सदस्यों को जोड़ने का काम करते थे

प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि ये संगठित आपराधिक गिरोह से जुड़े हैं और गिरोह के अन्य सदस्यों को हथियार उपलब्ध कराने व नए सदस्यों को जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। इनकी गिरफ्तारी से हत्या की कोई वारदात टलने की बात सामने आई है। इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से यह पता लगाने में जुटी है कि ये हथियार इन्हें कहां से मिले थे, कहां सप्लाई करने थे और इनके निशाने पर कौन था। चंद दिनों पहले भी एसटीएफ बहादुरगढ़ ने इलाके से संगठित गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार किए थे।

बहन के बच्चे के कुआं पूजन के लिए नहीं मिली जमानत

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे झज्जर निवासी ललित उर्फ मोहना को बहन के बच्चे के कुआं पूजन समारोह में शामिल होने के लिए अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। आरोपित ने तीन सप्ताह के लिए सजा स्थगित करने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। जस्टिस राजेश भारद्वाज और जस्टिस पूजा चोपड़ा की पीठ के सामने ललित की ओर से दलील दी गई कि वह पांच साल से अधिक समय से जेल में बंद है। याचिकाकर्ता ने यह भी बताया कि उसकी पत्नी ने 21 जून 2026 को बेटे को जन्म दिया था। इसके बाद से वह न तो अपनी पत्नी से मिल पाया है और न ही अपने नवजात बच्चे को देख सका है।

हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है झज्जर का ललित, नहीं मिली राहत

इसी आधार पर उसने तीन सप्ताह के लिए अंतरिम रूप से सजा स्थगित करने की मांग की थी, ताकि वह पारिवारिक समारोह में शामिल होने के साथ पत्नी और बच्चे से भी मिल सके। हरियाणा सरकार की ओर से याचिका का विरोध किया गया। जजों ने तमाम दलीलों को सुनने के बाद जमानत स्वीकार नहीं की।



बहादुरगढ़। अवैध डंपिंग यार्ड में पड़ा प्लास्टिक का सामान।

प्लास्टिक कचरे की अवैध डंपिंग और जलाने पर 7 पर केस दर्ज

- पुलिस ने मांडोठी में छापा मारकर दो वाहनों को भी किया था काबू
- क्षेत्रीय अधिकारी ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन अब सख्त रुख अपना रहा है। गांव मांडोठी में प्लास्टिक एवं पीवीसी कचरे की अवैध डंपिंग और उसे जलाने के मामले में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. सुनील श्योराण की ओर से 7 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

डॉ. सुनील श्योराण ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को गांव मांडोठी में प्लास्टिक कचरे की अवैध डंपिंग एवं उसे जलाने के संबंध में शिकायत मिली थी। जिसके चलते शुक्रवार को संबंधित फील्ड अधिकारी के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लास्टिक एवं पीवीसी कचरे की अवैध डंपिंग और उसे जलाने की गतिविधियां पाई गईं। वहीं, 8 और 9 अक्टूबर की मध्यरात्रि को पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान इस मामले में कथित रूप से संलिप्त 7 व्यक्तियों और दो वाहनों को मौके पर पकड़ा गया।

क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. सुनील श्योराण ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली अवैध गतिविधियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

छोटूराम नगर में मकान से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

- नौकरी पर गया था दंपती, पीछे से ताला तोड़कर चोरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। मकान पर ताला लगा दिखते ही चोर निशाना बना रहे हैं। अब यहां लाइनपार के छोटूराम नगर में वारदात हो गई। ताले तोड़कर मकान में घुसे चोर नकदी सहित लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए।

पीड़ित परिवार की ओर से लाइनपार थाने में शिकायत दे दी गई है। वारदात सुनीता के मकान में हुई है। दरअसल, यूपी के जौनपुर जिले की सुनीता पिछले कुछ समय से परिवार सहित यहां छोटूराम नगर में रहती है। सुनीता का कहना है कि वह और उसके पति कंपनी में नौकरी करते हैं। गत 5 अक्टूबर को दोनों ड्यूटी पर गए थे और बेटी स्कूल गई हुई थी। पीछे से मकान बंद था। इसी दौरान चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। शाम करीब 5 बजे जब हम आए तो गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त था। बेड का सारा सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर सोने का मंगलसूत्र, 2 ओउम, 2 कानों की बालियां, 2 जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी नाक की, 10 चांदी की रिंग, कमर की तागड़ी, तीन जोड़ी पायल, टीका, नथिया व 10 हजार की नकदी सहित अन्य सामान नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सुनीता की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी चेक कर रही है।

सिलाना की भूख हड़ताल का कांग्रेस विधायकों ने किया समर्थन

- बाजरे की सरकारी खरीद नहीं होने से पिछले एक सप्ताह से भूख हड़ताल पर बैठे हैं आढ़ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग को लेकर पिछले एक सप्ताह से अनाज मंडी परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे अनाज मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान हरेंद्र सिलाना को समर्थन देने शुक्रवार को पूर्व विधानसभा स्पीकर एवं बेरी से कांग्रेस विधायक डॉक्टर रघुवीर सिंह कादियान तथा बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स पहुंचे। दोनों विधायकों ने किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिलना चाहिए। सरकार वादाखिलाफी कर रही है।



झज्जर। भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व प्रधान हरेंद्र सिलाना का हालचाल पूछते हुए विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादियान। फोटो : हरिभूमि

किसानों के साथ हुआ धोखा

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। सरकार प्रदेश में 24 फसलों पर एमएसपी देने का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन जब बाजरे की खरीद की बात आती है तो सरकार पीछे हट रही है। एक अक्टूबर से एमएसपी पर खरीद शुरू करने का वादा किया गया था, लेकिन नौ अक्टूबर तक भी खरीद शुरू नहीं हुई। यह किसानों के साथ बड़ा धोखा है। उन्होंने हरेंद्र सिलाना से भूख हड़ताल समाप्त कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील भी की।

अधिकारियों ने मंडी का दौरा कर खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा



झज्जर। शुक्रवार को जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में अधिकारियों ने दौरा कर बाजरा खरीद व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान झज्जर अनाज मंडी में एसडीएम रवि मीणा, बहादुरगढ़ अनाज मंडी में एसडीएम अभिनव सिवाच, ढाकला अनाज मंडी में जीएम अनीत यादव, बेरी अनाज मंडी में एसडीएम रेणुका नांदल, पाटोदा अनाज मंडी में सीटीएम रितु, बादली अनाज मंडी में एसडीएम विशाल, मातनहेल अनाज मंडी में सीईओ मनीष तथा दूबलधन माजरा अनाज मंडी में ईओ सिद्धार्थ ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंडियों में बाजरे की आवक, खरीद प्रक्रिया, गुणवत्ता जांच, फसल उठान तथा किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बाइक का संतुलन बिगड़ने से चालक की मौत

झज्जर। शहर के माता गेट से दिल्ली गेट जाने वाले मार्ग पर बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से जींद जिले के हथवाला गांव निवासी करीब 28 वर्षीय अमन के तौर पर हुई है। अमन फिलहाल सिलानी गेट के डाबरा मंदिर के नजदीक ऑफिसर कॉलोनी में रहता था। वह शहर में एक प्लाइवुड की दुकान पर काम करता था। वीरवार की देर शाम जब अमन बाइक पर सवार होकर दुकान से घर की ओर जा रहा था तो माता गेट से बीच रास्ते उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक सहित जमीन पर जा गिरा। एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। इसके उपरांत एफएसएल टीम द्वारा भी मौका मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए।

धर्म

लव-कुश रामलीला कमेटी का रामलीला महोत्सव आज से

रामलीला परिसर में ही 13 से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा, निकलेगी कलश यात्रा

पुराना बस स्टैंड परिसर में 21 तक सजा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

श्रीलवकुश रामलीला कमेटी द्वारा शहर के पुराना बस स्टैंड परिसर में आयोजित की जाने वाली रामलीला का मंचन शनिवार से विधिवत रूप से किया जाएगा। कमेटी प्रधान महाबीर सैनी ने बताया कि शनिवार को मंचन एवं शस्त्र पूजा के उपरांत विधिवत रूप से रामलीला का मंचन शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला का मंचन 10 से 21 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात करीब साढ़े आठ बजे से किया जाएगा। इसके अलावा कमेटी द्वारा इसी परिसर में आगामी 13 से 19 अक्टूबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी किया जाएगा जो प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक चलेगी। कमेटी सदस्य संदीप सैनी और शंकर दयाल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामलीला एवं श्रीमद्भागवत कथा का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इस आयोजन में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कमेटी के कलाकार राजकुमार और मनोज सैनी ने बताया कि 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे पुराना टैक्सी स्टैंड स्थित श्री श्याम अखंड ज्योति मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य चौक-चौराहों से होते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित रामलीला मैदान में पहुंचेगी। इस दौरान सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण किया जाएगा। कमेटी प्रधान महाबीर सैनी ने बताया कि रामलीला मंचन की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।



जेई के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में जुटे कर्मी, निलंबन रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचएसईबी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के झज्जर सर्कल की बैठक शुक्रवार को आंबेडकर चौक के नजदीक स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता राज्य उपप्रधान पवन धीमान ने की जबकि मंच संचालन राज्य कोषाध्यक्ष कृष्ण ने किया। बैठक में एसडीओ माछरौली द्वारा जेई इंचार्जों के खिलाफ कथित तौर पर गलत चार्जशीट और सस्पेंशन लेटर जारी करने के मुद्दे पर चर्चा की गई। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन, ऑपरेशन, यूएचबीवीएनएल झज्जर से मुलाकात कर माछरौली सब डिवीजन में कार्यरत जेई नरेश कुमार के खिलाफ जारी सस्पेंशन लेटर को निरस्त करने और किसी भी अनुचित कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। एक्सईएन ने एसोसिएशन सदस्यों को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि सोमवार या मंगलवार को एसडीओ माछरौली को बुलाकर दोनों पक्षों को सुनने के बाद इस मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित झज्जर सर्कल के जेई।

खबर संक्षेप

संस्कारम के छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर मिले

झज्जर। संस्कारम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने स्ट्रैटेजिक इंटेलिजेंस फर्म नॉराशी कंसल्टिंग में इंटर्नशिप के अवसर हासिल किए हैं। यह कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई, रिसर्च और स्ट्रैटेजी के क्षेत्र में कार्य करती है। इस अवसर से विद्यार्थियों को एआई आधारित विश्लेषण, आधुनिक तकनीकों और व्यावसायिक चुनौतियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ उद्योग जगत से जोड़ने और तकनीकी कौशल विकसित करने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

सीएम के दखल से होगा चौपाल का पुनर्निर्माण

बहादुरगढ़। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी का दावा है कि सैनीपुरा शिव मंदिर चौपाल का पुनर्निर्माण अब मुख्यमंत्री नायब सैनी के सख्त आदेशों के बाद जल्द शुरू होगा। जनता की मांग पर उन्होंने ये मामला सीएम के समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री ने डी-प्लान के तहत अधिकारियों को इसे तुरंत बनाने के आदेश दिए थे। इसका काम डेढ़ साल पहले ही शुरू होना था। लेकिन नगर परिषद में बैठे कुछ लोगों ने अधिकारियों से सांठ-गांठ कर राजनीतिक द्वेष के कारण इस काम को जानबूझकर लटकाए रखा। मुख्यमंत्री का दबाव आने के कारण अब चौपाल का काम जल्द शुरू होगा।

राजकीय महिला महाविद्यालय में हुई 10वीं वार्षिक एथलेटिक मीट

कनिका बनी गर्ल्स कॉलेज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

100 मीटर दौड़ में सृष्टि रही प्रथम

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को 10वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। कनिका को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। प्राचार्या अलका गुलाटी के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में एमडीयू रोहतक के खेल निदेशक डॉ. कुलताज सिंह मुख्य अतिथि तथा कुलाना राजकीय महिला महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. मीनू डबास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

एथलेटिक मीट के दौरान 100 मीटर दौड़ में सृष्टि ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय तथा अंजलि ने तृतीय स्थान, 200 मीटर दौड़ में अन्नू ने प्रथम, सृष्टि ने द्वितीय तथा नैन्सी ने तृतीय स्थान, 400 मीटर दौड़ में मुस्कान ने प्रथम, नैन्सी ने द्वितीय तथा अन्नू ने तृतीय स्थान, लॉन्ग जंप में कनिका ने प्रथम, अन्नू ने द्वितीय तथा कीर्ति ने तृतीय स्थान, हाई जंप में कनिका ने प्रथम, रीमा ने द्वितीय तथा अन्नू ने तृतीय स्थान, डिस्कस थ्रो में कनिका ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय तथा रिंकी ने तृतीय स्थान, शॉटपुट में कीर्ति ने प्रथम, रिंकी ने द्वितीय तथा कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्री लेग रेस में शालिनी एवं नियति की जोड़ी ने प्रथम, रीमा एवं सृष्टि की जोड़ी ने द्वितीय तथा कृतिका एवं खुशी की जोड़ी ने तृतीय स्थान, 400 मीटर रिले रेस में कनिका, शीतल, दीप्ति एवं एकता की टीम ने प्रथम स्थान, दिव्या, रीमा, सृष्टि एवं दीक्षा की टीम द्वितीय तथा रिंकी, प्रियंका, कीर्ति एवं नियति की टीम तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का सफल संचालन खेल प्रभारी रामेंद्र हुड्डा के समन्वित प्रयासों से हुआ। पार्षद मोहित राठी ने समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी अतिथियों ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।



बहादुरगढ़। दौड़ में दम लगाती गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।



बहादुरगढ़। विजेताओं को पुरस्कृत करती प्रिंसिपल व अन्य।

जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में 16 खिलाड़ियों ने जीते पदक



बहादुरगढ़। कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।

बहादुरगढ़। जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 खिलाड़ियों ने मेडल जीते। जीत के साथ ही इन्होंने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया। विजेताओं का खेल प्रेमियों द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया। जिला झज्जर रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से 8 अक्टूबर को श्रीरामा भारती स्कूल में यह चैंपियनशिप कराई गई थी। इसमें जिलेभर के खिलाड़ियों ने भाग लेकर प्रतिभा दिखाई। बहादुरगढ़ स्थित सीएसए स्केटिंग के 19 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से 16 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते। छह से आठ आयुवर्ग में रौनक, 8 से 10 में मान्या, विराज, 13 से 15 में अनाया तथा 10 से 12 आयुवर्ग में स्वास्ति हुड्डा ने क्वाड में गोल्ड मेडल जीते। सौम्या, तुषार ने इनलाइन के 10 से 12 आयुवर्ग व यशवर्धन ने 6 से 8 साल आयुवर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किए। सूर्यांशी ने 10 से 12, भुविक ने 6 से 8 व डिंपी ने 13 से 15 आयुवर्ग इनलाइन में सिलवर तथा क्वाड 10 से 12 में पार्थ व 8 से 10 आयुवर्ग में देवांश-कृतिका ने सिलवर पर कब्जा जमाया। इसी तरह इनलाइन 8 से 10 आयु में आद्विक व क्वाड 10 से 12 में सक्षम ने ब्रांज पर कब्जा जमाया। कोच सचिन ने बताया कि जीत के साथ इन खिलाड़ियों ने गुरुग्राम में अगले महीने होने वाली स्टेट चैंपियनशिप के लिए अपना चयन सुनिश्चित कर लिया है। उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी वहां से भी पदक जीतकर लौटेंगे।



झज्जर। रजत फौगाट को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए परिजन।

एचसीएस में हासिल किया छठा स्थान

रजत फौगाट तीन बार दे चुके यूपीएससी का साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| झज्जर

हरियाणा लोक सेवा आयोग ने वीरवार को हरियाणा सिविल सर्विस का फाइनल परिणाम घोषित किया। जिसमें एच डी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के होनहार व प्रतिभाशाली छात्र रजत फौगाट ने पूरे हरियाणा में छठा रैंक प्राप्त कर इतिहास रचा है। एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि छात्र रजत फौगाट तीन बार यूपीएससी का साक्षात्कार फेस कर चुका है लेकिन उसके जज्बे ने अबकी बार उसे इस मुकाम पर पहुंचाया है कि उसने 384 अंक प्राप्त कर पूरे हरियाणा में छठे स्थान पर रहकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। रजत फौगाट ने अपनी सफलता का श्रेय एच डी प्रबंधन समिति के उचित दिशा-निर्देशन, परिजनों के सहयोग और अध्यापकों व स्वयं की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने युवाओं को दिए अपने संदेश में कहा कि लगातार की गई मेहनत से ही सफलता मिलती है। रजत फौगाट की इस शानदार उपलब्धि पर एचडी प्रबंधन समिति बलजीत नेहरा, रमेश गुलिया, सुरेंद्र फौगाट, बलराज फौगाट, विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया, डॉक्टर अस्मिता फौगाट ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कैंब्रिज के छात्र आदित्य को ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद में सीट आवंटित



झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना के विद्यार्थी आदित्य छिक्कारा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीट काउंसलिंग प्रक्रिया के बाद आदित्य को अहमदाबाद गुजरात स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए सीट आवंटित हुई है। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र जून ने आदित्य के पिता सत्यदेव छिक्कारा को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों का मेडिकल, इंजीनियरिंग और रक्षा सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सफलता हासिल करना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। आदित्य की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह का प्रसंग, श्रद्धालुओं ने किया कन्यादान

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| झज्जर

शहर के सीताराम गेट स्थित सैनी धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण और रूक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास त्रिवेंद्र दास महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह की कथा सुनाते हुए इसके आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण और रूक्मिणी के विवाह का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया। विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कन्यादान की रस्म में भाग लिया और भगवान के विवाह में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस दौरान धर्मशाला का माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर नृत्य करते नजर आए। कथा व्यास त्रिवेंद्र दास महाराज ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति प्रेम, समर्पण और भक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर उषा सैनी, अनीता गुर्जर, कमला सैनी, हरीश, चांदनी, सुनील कुमार, कविता सैनी, अशोक सैनी, सीमा, रिंकू, पायल सैनी, लविश, मंजीत, महक, पानवी, दिशा, खुशी सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।



झज्जर। श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह की कथा में निकाली गई झांकी।

भाषण प्रतियोगिता में मीनाक्षी ने मारी बाजी



झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए कविता पाठन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर अन्नू ने बताया कि प्राचार्य डॉक्टर सुशील दलाल की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में राजबीर सिंह जाखड़, ऋषभ गोयल, आनंद कुमार और अजय शामिल रहे। प्रतियोगिता परिणामों में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की मीनाक्षी ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की कुसुमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठन में कुसुमलता प्रथम, साधना द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रहीं।

छह ग्राम पंचायतों को मिली ट्रैक्टर-ट्रॉली

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| झज्जर

ग्रामीण स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए रिलायंस मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप एवं रिलायंस फाउंडेशन की ओर से सेक्टर-5 स्थित रिलायंस साइट कार्यालय में छह ग्राम पंचायतों को ट्रैक्टर-ट्रॉली वितरित की गईं। इनमें खेड़ीजट्ट, बुपानिया, सुबाना, सिलानी जालिम, सिलानी केशो और इकबालपुर शामिल हैं। कार्यक्रम में मेट सिटी के पूर्णकालिक निदेशक एसवी गोयल मुख्यातिथि तथा बादली के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित बेनीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एसवी गोयल ने कहा कि इस पहल से गांवों में सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन मजबूत होगा। सुमित बेनीवाल ने पंचायतों से संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने की अपील की। रिलायंस मेट के अनुसार इस पहल के अंतर्गत अब तक झज्जर और गुरुग्राम जिलों की 35 ग्राम पंचायतों को ट्रैक्टर-ट्रॉली उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इसके अलावा निमाना और सौंधी ग्राम पंचायतों को आईजीबीसी ग्रीन विलेज गोल्ड रेटिंग मिलना ग्रामीण स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की उपलब्धि है। इस मौके पर कर्नल रोमेल राज्याण, लोकेश कापसे, अक्षय, चंचल, संजय गुलाटी, राजकुमार, संजय, पवन दीक्षित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को ट्रैक्टर-ट्राली की चाबियां सौंपते रिलायंस अधिकारी।

छात्राओं ने कबाड़ से बनाईं शानदार कलाकृतियां



बहादुरगढ़। छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियां।

बहादुरगढ़। नगर परिषद की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत माल गोदाम रोड स्थित वैश्य आर्य पब्लिक स्कूल में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल ने बताया कि छात्राओं ने कबाड़ व अनुपयोगी सामग्री को रचनात्मक रूप से पुनः उपयोग में लाकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण तथा सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं की निकिता पहले, हंसिका दूसरे तथा आठवीं ए की पायल तीसरे स्थान पर रही। कक्षा 11वीं की निक्की व रागिनी को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की रचना और प्रयासों की सराहना की।

विद्यार्थियों ने किया एपीसीपीएल पावर प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण



झज्जर। झाड़ली स्थित एपीसीपीएल पावर प्लांट में दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के 70 सदस्यीय दल द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कोल लैब, मिट्टी एवं जल परीक्षण प्रयोगशाला, तेल परीक्षण प्रयोगशाला और डीएम प्लांट सहित विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया। उन्हें विद्युत उत्पादन में रसायन विज्ञान की भूमिका, जल शोधन और गुणवत्ता जांच की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान उप महाप्रबंधक हरजीत सिंह, प्रबंधक संतोष कुमार और कार्यपालक लारेब खान ने विद्यार्थियों को विभिन्न इकाइयों की कार्यप्रणाली समझाई। इसके अलावा वरिष्ठ प्रबंधक पी सिवाराम प्रसाद ने सुरक्षा नियमों और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ औद्योगिक कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा।

डांडिया उत्सव में शामिल हुए विधायक



बहादुरगढ़। जिमखाना क्लब स्थित शगुन बैंक्वेट में शक्ति महिला समिति की ओर से शुक्रवार को ग्रैंड डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक राजेश जून ने बतौर मुख्य अतिथि तथा पार्षद मनीषा धनखड़ ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक राजेश जून ने आयोजकों को प्रोत्साहित करते हुए अपनी कमाई से 11 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की। कार्यक्रम में डांडिया, संगीत और उत्सव के माहौल ने उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि शक्ति महिला समिति द्वारा आयोजित ग्रैंड डांडिया उत्सव महिलाओं की एकता, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय पहल है। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने, आपसी मेलजोल बढ़ाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का अवसर प्रदान करते हैं। विधायक ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सशक्तिकरण और उनकी सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमारी संस्कृति और परंपराएं समाज को आपस में जोड़ने का काम करती हैं।



बहादुरगढ़। गाय को चारा खिलाते डॉ. स्वामी दिव्यानंद जी महाराज।

जीव उपचार केंद्र में किया गोदान

बहादुरगढ़। सेठ रामअवतार गोयल गो एवं वन्य जीव उपचार केंद्र में शुक्रवार को कामधेनु यज्ञ, गोपूजन एवं गो दान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गोधन सेवा समिति द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में गीताज्ञानेश्वर डॉ. स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में विधि विधान से शुरू हुआ। गोदान कार्यक्रम में अखिल मित्तल ने 51 हजार की धनराशि से, गौरव चावला, शमशेर ठुकराल, एकांश भूमि परुथी, बरखा वरुण गाबा, रोशनी देवी निजामपुर, कृष्णा देवी, संजय राठी जटवाड़ा, रेणु आहूजा, नीलम अमित मित्तल, संजय, नारायणी देवी, बलवान राठी जटवाड़ा, दयावती बादली, स्व. विजयपाल राठी के परिजनों, स्व. दर्शन दयाल मित्तल के स्वजनों ने 11-11 हजार की धनराशि तथा रेवतीनंदन काठपलिया व रानी ध्यान मूर्ति ने 51-51 सौ रुपये की धनराशि से गोदान किया। शाम को किला मोहल्ला स्थित श्री करोड़ रामलीला सभा में स्वामी दिव्यानंद जी महाराज द्वारा श्री गो गोपाल भक्ति कथा का आयोजन किया गया।

मैराथन में भाग लेंगे एनएसीसी व एनएसएस विद्यार्थी



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों के साथ बीआरजी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| बहादुरगढ़

नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने के लिए बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप की ओर से 11 अक्टूबर को शहर में सातवीं मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। सेक्टर-9 स्थित जिम खाना से आरंभ होने वाली 3, 5 व 10 किलोमीटर की इस मैराथन दौड़ में हरदयाल पब्लिक स्कूल के एनसीसी और एनएसएस विद्यार्थी भी भाग लेकर नशामुक्त समाज का संदेश देंगे। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने धावकों को पर्यावरण अनुकूल बैग दिए।

बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर, सागर ओहल्याण, गुलाब सिंह, हितेश अहलावत आदि धावकों ने स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को मैराथन की जानकारी दी। उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। दुष्यंत यादव, दिव्यांश और सुनील कुमार ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय की निदेशिका अनुराधा यादव ने भी बहादुरगढ़ में होने जा रही मैराथन को बेहतर पहल बताया। उन्होंने कहा कि नशा समाज में गंभीर समस्या है। इसके प्रति जागरूकता जरूरी है। मैराथन जैसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता और युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नेत्रदान का संगम

छात्राओं ने नृत्य, कविता और नाटिका से मोहा मन

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जागरूकता रैली, ध्वजारोहण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि एवं गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने महाराजा अग्रसेन के समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता के आदर्शों पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने स्वागत नृत्य, हरियाणवीं नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटिका प्रस्तुत की। महाराजा अग्रसेन स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रीगणेश व मां सरस्वती वंदना, योग प्रदर्शन तथा मोबाइल के दुष्प्रभावों पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व समाजसेवा में अग्रणी कार्य करने वाले लोगों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान संस्थान परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। जिसमें काफी संख्या में छात्राओं ने अपनी नेत्र जांच कराई। शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा लोगों के नेत्रदान संकल्प फार्म भी भरे गए।



झज्जर। समाजसेवा में अग्रणी कार्य करने पर मनीष बंसल को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि राजकुमार गोयल।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपप्रधान प्रवीण गोयल, सचिव गौरव गोयल, कोषाध्यक्ष तरुण सिंघल, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, मनीष बंसल, सचिन बंसल, आनंद सिंघल, केशव सिंघल, दिनेश गोयल, प्रवीण गर्ग, प्रमोद बंसल, संजय गुप्ता, औंकार सिंघल, सीए वीरेंद्र, सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

सेक्टर-2 की जर्जर सड़कों और गहरे गड्ढों से लोग परेशान, धूल बढ़ा रही दिक्कत

नप चेयरपर्सन ने 15 दिन पूर्व फोड़ा था नारियल अब तक काम शुरू होने की बाट जोह रही सड़क

सात करोड़ रुपये की लागत से होना है इस मार्ग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। गड्ढों में तब्दील हुई सेक्टर-2 की सड़क। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने शुक्रवार 25 सितंबर को सेक्टर-2 में करीब साढ़े 7 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया था। लेकिन 2 सप्ताह बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे स्थानीय निवासियों में रोष बढ़ने लगा है। लोगों का कहना है कि जब विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ हो चुका है तो फिर धरातल पर काम शुरू होने में देरी क्यों हो रही है।

सिटी पल्स

सेक्टर-2 की सड़कों की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है। सड़कें जगह-जगह से उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। इन गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से संभलकर चलना पड़ता है। वहीं, वाहनों के गुजरने से दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि धूल के कारण घरों में रहना तक मुश्किल हो जाता है और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का डर सताने लगा है। सवाल यह है कि विकास कार्यों का शुभारंभ होने के बाद निर्माण कार्य आखिर कब शुरू होगा और स्थानीय निवासियों को जर्जर सड़कों से कब राहत मिलेगी।

राजनीति की भेंट चढ़ रहा विकास



नरेश तहलान का कहना है कि वाहनों के गुजरने से सड़क की धूल आसपास के घरों तक पहुंचती है। घरों की सफाई करने के बावजूद धूल जमा हो जाती है। बच्चों और बुजुर्गों को लेकर परिवारों को विशेष चिंता रहती है। शहर का विकास राजनीति की भेंट चढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। विकास कार्यों में हो रही देरी का कारण स्पष्ट किया जाए और सड़कों के निर्माण का काम जल्द शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को जर्जर सड़कों, गड्ढों और धूल से राहत मिल सके। - नरेश तहलान

आने-जाने में दिक्कत



योगेश कुमार

योगेश कुमार के अनुसार, सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ता है। इससे आवागमन प्रभावित होता है और वाहन क्षतिग्रस्त होने की आशंका भी बनी रहती है। लोग एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर काटकर थक चुके हैं। नेताओं ने जनता को मूर्ख मान लिया है। उम्मीद थी कि विकास कार्यों के शुभारंभ के बाद जल्द ही सड़कों की तस्वीर बदलेगी। लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से उनकी परेशानी बनी हुई है।

हादसे का बना रहता है खतरा



स्थानीय निवासी रामधन दलाल का कहना है कि सेक्टर-2 की सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि रोजाना यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को बार-बार ब्रेक लगाने पड़ते हैं और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। विकास कार्यों के शुभारंभ से लोगों में उम्मीद जगी थी कि जल्द ही सड़कों की हालत सुधरेगी। लेकिन करीब 15 दिन बीतने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। -रामधन दलाल

दो पहिया चालकों को अधिक परेशानी



धर्मपाल शर्मा के अनुसार सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। कई बार अचानक गड्ढा सामने आने से वाहन का संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है। उन्हें उम्मीद थी कि विकास कार्य शुरू होने के बाद राहत मिलेगी, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ। संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू कराने की दिशा में तेजी दिखानी चाहिए। लोगों को केवल घोषणा या शुभारंभ नहीं, बल्कि मौके पर काम होता हुआ दिखाई देना चाहिए। -धर्मपाल शर्मा

न्यूज डायरी



आईटीआई में गूंजा वोकल फॉर लोकल का संदेश

झज्जर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा में सेवा संकल्प अभियान के तहत वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जीतपाल ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पादों को प्राथमिकता देना केवल खरीदारी का विषय नहीं, बल्कि स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों, बुनकरों और छोटे उद्यमियों के सपनों को मजबूती देने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्थानीय रूप से निर्मित वस्तुओं, हस्तशिल्प, हथकरघा और खादी उत्पादों को अधिक से अधिक अपनाएं। उन्होंने कहा कि जब हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं तो उसका सीधा लाभ हमारे अपने क्षेत्र के कारीगरों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों तक पहुंचता है।



सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

बहादुरगढ़। त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुमित्रा महला के दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों के सामाजिक विज्ञान संबंधी ज्ञान में वृद्धि करने के उद्देश्य से कार्यक्रम हुआ। प्रतियोगिता में को-ऑपरेटिव सदन ने प्रथम, लीडरशिप सदन ने द्वितीय और कॉन्फिडेंट सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में जिज्ञासा, ज्ञानार्जन के प्रति रुचि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए उपलब्ध प्रत्येक अवसर का उत्साहपूर्वक लाभ उठाना चाहिए। प्रधानाचार्या सुमित्रा महला विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया।



अभिनेता नाना पाटेकर को दी श्रद्धांजलि

झज्जर। इंडो-अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए रंगोली बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने कला के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत अभिनेता के प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यालय निदेशक बिजेंद्र कादियान ने नाना पाटेकर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने दमदार अभिनय और यादगार भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। उन्होंने भारतीय फिल्म जगत में अपनी अलग पहचान बनाई और दर्शकों के दिलों में विशेष स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



वातावरण प्रदूषित करने वालों पर होगी कार्रवाई

झज्जर। वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए डीसी वर्षा खांगवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की पालना में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों और खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा, पराली व प्लास्टिक वेस्ट जलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाई जाए। सड़कों पर धूल-मिट्टी उड़ने से रोकने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएं और संबंधित विभाग अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखें।



सेवा सेतु कैंप में सरकारी सेवाओं का उठाया लाभ

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मातनहेल और पाटौदा में सेवा सेतु कैंप आयोजित किए गए। कैंप में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाया। आयुष अधिकारी डॉक्टर पवन देशवाल ने बताया कि स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। यहां नागरिकों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ उन्हें स्वास्थ्य संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली तथा आयुष पद्धति से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं परामर्श दिया गया।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने फैकल्टी और छात्राओं से किया संवाद

- नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बैठक में उपस्थित एमपीएचई एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य।



झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय में फैकल्टी और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उपाध्यक्ष मीना परमार। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार और सदस्य भारती सैनी ने संस्कारम यूनिवर्सिटी का दौरा किया। संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने उपाध्यक्ष मीना परमार का स्वागत करते हुए छात्राओं के विकास से जुड़ी गतिविधियों से रूबरू कराया। वहीं उपाध्यक्ष मीना परमार ने छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने महिलाओं से संबंधित शोषण अथवा किसी भी प्रकार की परेशानी की स्थिति में उपलब्ध कानूनी प्रावधानों एवं अधिकारों की जानकारी भी दी। वहीं उन्होंने फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद करते हुए महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इंटरनल कंप्लेंट कमेटी एवं पॉश कमेटी के सदस्यों से बातचीत कर शिकायतों की गोपनीयता बनाए रखने तथा महिला संबंधी शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने महिला प्रोफेसरों के साथ संवाद के दौरान उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व और उनकी बढ़ती भागीदारी को लेकर भी विस्तार से चर्चा की।

एमपीएचई एसोसिएशन ऑनलाइन तबादला नीति का बहिष्कार करेगी

- महिला कर्मचारियों के तबादले होने पर कैपिंग के कारण बड़ी संख्या में पद समाप्त होने की जताई आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय में एमपीएचई एसोसिएशन की बैठक जिला प्रधान प्रवीन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ऑनलाइन तबादला नीति के अंतर्गत पदों पर अधिक कैपिंग किए जाने के विरोध में नीति का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। जिला प्रधान ने कहा कि ऑनलाइन तबादलों से स्वास्थ्य सेवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। महिला कर्मचारियों के तबादले होने पर कैपिंग के कारण बड़ी संख्या में पद समाप्त होने की आशंका है।

राज्य सचिव सुखविंद्र सिंह गहलावत ने आरोप लगाया कि यह नीति विभिन्न श्रेणियों के पद समाप्त करने का षड्यंत्र है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार ने हठधर्मिता से नीति लागू की तो एसोसिएशन बड़ा आंदोलन करेगी। बैठक में अशोक कुमार, राजेश, रामनिवास, नरेंद्र, अनिल कुमार, धीरज गोयल, वीरेंद्र दलाल, सतीश कुमार, सावन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



एआईकेकेएमएस ने एमएसपी को बताया किसानों के साथ मजाक

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को गांव मांडोठी व डाबोदा का दौरा कर 26 अक्टूबर को रोहतक के नांदल भवन में होने वाली प्रदेश स्तरीय किसान-मजदूर महापंचायत में शामिल होने का न्योता दिया गया। प्रदेश कमेटी सचिव जयकरण मांडोठी व जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अनेक जनसभाएं कर दिल्ली आंदोलन के 736 शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। सिंघु व टिकरी बार्डर पर शहीद स्मारक बनाने के लिए सरकार से निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। उन्होंने भारत सरकार द्वारा रबी फसलों के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को अपर्याप्त बताया जो किसानों के साथ एक क्रूर मजाक है। धान व बाजरे की सरकारी खरीद नहीं होने के कारण किसानों को मजबूरन अपनी फसल आढ़तियों को कच्ची पर्ची पर 250 से 350 रुपए प्रति क्विंटल कम दामों पर बेचनी पड़ रही है। मंडियों में किसानों की लूट हो रही है। यूरिया व डीएपी खाद की भारी कमी है।

आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करती है विष्णु महापुराण कथा : गीतांशु चावला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को श्रीराम धर्मशाला में आयोजित श्री विष्णु महापुराण कथा का श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु की महिमा, धर्म के महत्व, सदाचार, सत्य और मानव जीवन में भक्ति की भूमिका के बारे में बताया गया। स्वामी उमानंद ने प्रवचनों के माध्यम से समझाया कि धार्मिक कथाएं केवल आध्यात्मिक ज्ञान का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे मनुष्य को नैतिक मूल्यों, कर्तव्यनिष्ठा और परोपकार की भावना से भी जोड़ती हैं।

भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों और उनकी लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म के मार्ग पर चलने तथा जीवन में सद्कर्मों को अपनाने का संदेश दिया गया। वहीं मुख्यातिथि गीतांशु चावला ने धार्मिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और आपसी सद्भाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करती हैं। कथा के समापन अवसर पर महाआरती हुई और प्रसाद भी वितरित किया गया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कथा व्यास स्वामी उमानंद।

प्रिंसिपल से दुर्व्यवहार की शिकायत थाने में की

बहादुरगढ़। पति-पत्नी के बीच बच्चे की कस्टडी को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को स्कूल तक पहुंच गया। इस दौरान विद्यार्थी के पिता पर स्कूल की प्रिंसिपल के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा है। घटना से नाराज प्रिंसिपल इंदू शर्मा ने सेक्टर-6 थाना पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच बच्चों की कस्टडी को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के चलते बच्चे का पिता प्रवीण स्कूल पहुंचा और प्रिंसिपल से बच्चे का ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) जारी करने की मांग की थी। वहीं, बच्चे की मां ने स्कूल प्रबंधन को लिखित में बच्चे को स्कूल में ही पढ़ाई जारी रखने देने और पिता के अनुरोध पर टीसी जारी नहीं करने का अनुरोध किया था। दोनों अभिभावकों की ओर से अलग-अलग अनुरोध किए जाने के कारण स्कूल प्रबंधन अनिर्णय की स्थिति में था। इस बात को लेकर बच्चे का पिता भड़क गया और प्रिंसिपल के कार्यालय में पहुंचकर उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगा। अभिभावक के इस व्यवहार से नाराज प्रिंसिपल इंदू शर्मा ने मामले की शिकायत सेक्टर-6 थाने में दी। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

- दंपती के बीच बच्चों के टीसी को लेकर चल रहा है विवाद

नहीं हो रहा विकास, दो वर्षों में बहादुरगढ़ की जनता निराश : जून



बहादुरगढ़। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि जनता ने क्षेत्र के विकास, बेहतर नागरिक सुविधाओं और समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ राजेश जून को निर्दलीय विधायक बनाया था। लेकिन गत 2 वर्षों में धरातल पर कहीं भी अपेक्षित परिणाम नहीं दिखाई दिए हैं। राजेंद्र जून के अनुसार जीत के बाद सत्ता-सुख के लिए राजेश जून भाजपा का दामन थाम चुके हैं। राजनीति में दिशा बदलना तो सामान्य बात है, परंतु जनता के विश्वास को भी सत्ता-सुविधा के सौदे में बदल देना निश्चय ही गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। बहादुरगढ़ को सड़कों, नालियों, पेयजल, सीवरेज, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य सेवाओं और शहरी अवसंरचना की दिशा में ठोस एवं दीर्घकालिक पहल की आवश्यकता है। दिन-रात सरकार का गुणगान करके भी वह एक भी नया प्रोजेक्ट बहादुरगढ़ के लिए मंजूर नहीं करवा सके हैं। क्षेत्र के किसान, युवा, व्यापारी, महिलाएं और विद्यार्थी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर निराश हैं। कानून-व्यवस्था तथा व्यापारियों की सुरक्षा जैसे विषयों पर जनप्रतिनिधि मौन है।

फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि मिलेगी

फसल अवशेष जलाने पर 30 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से शुक्रवार को उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में फील्ड स्टाफ को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में रहकर किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने और पराली जलाने से रोकने के निर्देश दिए गए।

डॉ. सुनील कौशिक ने बताया कि पराली जलाना गैरकानूनी है। उपायुक्त की ओर से फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाने के लिए आदेश लागू किए गए हैं। इनका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फसल अवशेष जलाने पर 2 एकड़ तक 5 हजार रुपये, 2 से 5 एकड़ तक 10 हजार रुपये, 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 30 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा एफआईआर दर्ज कराने और संबंधित किसान की सरकारी सुविधाएं बंद करने की सिफारिश भी की जाएगी। डॉ. कौशिक ने बताया कि हरियाणा सरकार की सीआरएम योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।डॉ. कविता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. राकेश राणा, डॉ. कुसुम लता, डॉ. प्रदीप मलिक, डॉ. विशाल, डॉ. सूरज, दीपक कुमार, मुंशीराम, विकास, नवीन, जितेंद्र, सुधीर, प्रेम, पंकज, अजीत, दीपक गुलिया, कंवलजीत, दीपक, संदीप, विरेन, राकेश आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कृषि अधिकारियों की बैठक लेते एसडीओ सुनील कौशिक।

अवैध हथियार सहित काबू

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश के रूप में हुई है। आकाश आसौदा का रहने वाला है। पुलिस ने उसे पीडीएम फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया था। तलाशी में उसके पास से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लडरावन, खंड-बहादुरगढ, जिला-झज्जर में एससी चौपाल और छिल्लर चौपाल के कंडम सामान जैसे कड़ी, टुकड़ी, चौखट, जंगले आदि की दिनांक 23/10/2026 को प्रातः 11 बजे छिल्लर चौपाल में खुली बोली (नीलामी) की जायेगी। जिसकी जमानत राशि मु.-10,000/- (दस हजार) रुपये होगी, बाकि बोली की तमाम शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। इच्छुक बोली दाता समय पर उपस्थित हों।

मनीष, सरपंच
ग्राम पंचायत लडरावन
खंड बहादुरगढ़, जिला झज्जर
मोबाइल: 8053866918

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

NAVRATRI SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

10 Oct to 20 Oct

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.

ROHTAK · BAHADURGARH · JHAJJAR · GOHANA · HISAR · BHIWANI · SONIPAT · KARNAL
SAMPLA · ZIRAKPUR · PINJORE · SIRHIND · PANIPAT · MALERKOTLA · LUDHIANA · BARNALA

Navratri Items
CHIPS . MARMUDA . LADDOO . KUTTU ATTA . SABUDANA & MORE.
UPTO 50% OFF

FRESCA / MANIA 1 LTR — BUY 1 GET 3 FREE

PRABHAS GHEE (1 LTR) — BUY 1 GET 1 FREE

DEEHAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE

MCCAIN 1.25 KG — BUY 1 GET 1 FREE

LAHORI ZEERA PACK OF 24 — MRP -₹240 — ₹190

TIP TOP / FUN FLIP — BUY 1 GET 1 FREE

XCITE NOODLES (330 G) — BUY 1 GET 1 FREE

VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE

TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE

REAL MASALA JUICE — BUY 1 GET 1 FREE

BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM — BUY 1 GET 2

NISHA BISCUIT 300GM — BUY 1 GET 2

TOP / MOTHER PICKLE 950G — BUY 1 GET 1 FREE

RAJDHANI BESAN 1 KG — MRP -₹150 — ₹105

AASHIRVAAD ATTA 10KG — MRP -₹499 — ₹445

DABUR GHEE — BUY 1 GET 1 FREE

MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE

PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE

GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE

COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR — ₹79

REDBULL — MRP -₹125 — ₹99

PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW 2.25 L — ₹79

MINCHY'S JUICE — BUY 1 GET 1 FREE

UTSAV PAPAD — BUY 1 GET 1 FREE

PRO NATURE KAJU 250 GM — BUY 1 GET 1 FREE

PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA — BUY 2 GET 1 FREE

BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE

APIBEE HONEY — BUY 1 GET 1 FREE

BREGANO PASTA FUSILLI 450GM — BUY 1 GET 2 FREE

GOOD LUCK NAMKEEN — BUY 1 GET 2 FREE

COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS — BUY 1 GET 1 FREE

FORTUNE MUSTARD OIL 1L — MRP -₹230 — ₹195

FORTUNE AATA 10KG — MRP -₹485 — ₹415

SHILLS WIPES / MASK — BUY 1 GET 2 FREE

MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM — ₹59

PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM — BUY 1 GET 2 FREE

LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N — BUY 1 GET 2 FREE

EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR — BUY 1 GET 1 FREE

KTRIQ / IHP — BUY 1 GET 1 FREE

Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana **Contact:** +91-76962 97828

Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

Panipat
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
Contact: +91-98177 76446

Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600

Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427

Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240

Malerkotla
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Malerkotla .
Contact: +91 6284 603 391

Ludhiana
Sai Bhawan, Chandigarh Rd, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab.
Contact: 90419-49444

Barnala
Elenta Mart, Nanaksar Rd, Barnala, Punjab
Contact: 98761 28970

Rupnagar
Bela Rd, near Vishal Mega Mart, Abhepur Beli, Rupnagar, Arazi Ropar.
Contact: 74197 48181

Sirhind
opp Central Bank of India, Preet Nagar, Fatehgarh Sahib, Sirhind
Contact: 93069 00346

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.